प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बीते 11 वर्षों में बुनियादी ढांचे में विकास से सुगम और समृद्ध हो रहा है जीवन।
2. सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता– 2022 की 18 और 19 जून को प्रस्तावित लिखित परीक्षा स्थगित : अब अगस्त के अंतिम सप्ताह में होगी परीक्षा।
3. ट्रेनों में ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए 15 जुलाई से आधार–आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण होगा अनिवार्य : पहले 30 मिनट एजेंट नहीं बुक कर पायेंगे टिकट।
4. केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर आज वाराणसी में विकसित कृषि संकल्प अभियान में हुए शामिल : कहा– उन्नत कृषि के लिए सरकार नई तकनीक को दे रही है बढ़ावा। और
5. प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी, कई जनपदों में तापमान पहुंचा 45 डिग्री सेल्सियस : मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जनपदों के लिए लू का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास सतत और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट

में श्री मोदी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के ग्यारह साल हो गए हैं। इस दौरान बेहतरीन बुनियादी ढांचे बनाए गए हैं। इससे भारत की विकास में गति आई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्ग और बंदरगाह से हवाई अड्डा तक भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

---

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में पेश है भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर एक रिपोर्ट....

*पिछले दशक में राजमार्ग निर्माण का दैनिक औसत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 34 किलोमीटर प्रतिदिन पर पहुंच चुका है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत, आर्थिक गलियारे विकसित करने और रसद लागत को कम करने के लिए 20 हजार किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2014 से अब तक 7 लाख 80 हज़ार किलोमीटर से अधिक की लम्बाई की सड़कों का निर्माण किया गया है। रेलवे की क्षमता में भी व्यापक वृद्धि हुई है। 45 हजार किलोमीटर से अधिक रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है तथा तीन सौ 33 जिलों को जोड़ने वाली 68 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जा रही हैं।*

*अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1 हज़ार तीन सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र में उडान योजना – उड़े देश का आम नागरिक के तहत 88 हवाई अड्डों को कार्यरत किया गया है। मेट्रो रेल कनेक्टिविटी अब 23 शहरों तक फैली हुई है, जिसके साथ भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से जया भारती।*

———————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा संकल्प से सिद्धि तक नाम से विशेष जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज वाराणसी में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च बनाया है। बाइट....**

*भारत के गाँव हो या शहर हो आज वो विकास की मुख्यधारा का हिस्सा बन गए है। मुझे ये कहते हुए गर्व है की माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हिंदुस्तान के सात सौ पचहत्तर जनपद, पाँच सौ तिरालीस लोकसभा क्षेत्र और चार हजार से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में बिना भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है।*

**इटावा में प्रदश के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल आत्मनिर्भर भारत का स्वर्णिम काल है। बाइट....**

*बीते ग्यारह वर्षों में मोदी जी ने अकेले ही नहीं एक सौ चालीस करोड़ के देशवासियों के परिश्रम, त्याग और समर्पण के सपनों को साकार किया है।*

*मोदी जी का अगर कालखण्ड भारत के भविष्य में एक मजबूत नींव रखने का कालखंड रहा है।*

---------

सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता–पीजीटी 2022 की 18 और 19 जून को प्रस्तावित लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में कल हुई बैठक के बाद अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक डीपी सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार लिखित परीक्षा अगस्त के अंतिम सप्ताह में कराई जायेगी। परीक्षा की नई तिथि की सूचना समाचार पत्रों व आयोग की वेबसाइट के माध्यम से अतिशीघ्र दी जायेगी।

---------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुजफ्फरनगर में संत समागम कार्यक्रम में शिरकत की। संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज की 65वीं पुण्यतिथि और सतगुरु समनदास जी महाराज की स्मृति में आयोजित समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने समाज को एकता की राह दिखाई। बाइट....

*गुरु रविदास जी महाराज का कथन एक नई प्रेरणा है और इसीलिए उन्होंने सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए समाज को एक नई प्रेरणा दी। उन्होंने कहा यह रविदास तब प्रसन्न रहेगा जब बिना भेदभाव के सबको समान रूप से अधिकार मिलेगा, सबको अन्न मिलेगा। संत रविदास जी महाराज की इन बातों को अक्षरशः किसी ने लागू किया। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से।*

—————————

रेल मंत्रालय ने कहा है कि ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए 15 जुलाई से आधार–आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। बुकिंग के समय उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी से प्रमाणीकरण किया जाएगा। एक साथ ज्यादा बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर आज वाराणसी में विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार कृषि को उन्नत बनाने के लिए नई तकनीक के विकास को

**बढ़ावा दे रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। बाइट....**

*दो हज़ार चौदह के बाद प्रधानमंत्री जी आए तो मेरी समझ से ये लगा की ये किसानों के लिए ज्यादा चिंतित है। किसान की भलाई के लिए उसकी आमदनी को बढ़ाने के लिए कृषि की पैदावार दोगुनी हो इसमें आप वैज्ञानिक लोगों से पूछ सकते हैं की कितनी मेहनत उन्होंने की है और कितना ज़मीन पर उतारने का काम किया है।*

———————

**11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। प्रदेश आयुष विभाग के राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने बताया कि योग दिवस पर राज्य के लगभग 4 हजार स्थानों पर 5 हज़ार से अधिक प्रशिक्षक योगाभ्यास करायेंगे। बाइट....**

*इस बार की तैयारियां विशेष है क्योंकि योग प्रशिक्षक और योग सहायक के रूप में जो नियुक्त हुए हैं लोग उनको मास्टर ट्रेनर हम लोगों ने कहा है वो मास्टर ट्रेनर वो सबको ट्रेन कर रहे हैं। हमारी जो बहने है, मातृ शक्ति है उनके लिए अलग से जो बहुत सारे बुजुर्गों के लिए बहुत सारे ऐसे योग हैं जो उनको स्पेशली सिखाया जाता है जो हमारी एज ग्रुप के हिसाब से महिलाओं के हिसाब से तो उसके लिए फिर योग भी उनको सिखाया जाएगा। जिसे वह सालों भर वर्ष पर्यंत या योग करते रहे जिससे कि रोग में भी उनको लाभ मिले।*

———————

**लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोगों की अंतरिक्ष यात्रा का एक्जिओम–4 मिशन एक बार फिर स्थगित हो गया है। फाल्कन–9 रॉकेट के परीक्षण के दौरान पाए गए तरल ऑक्सीजन के रिसाव**

को ठीक करने के लिए स्पेस एक्स की टीम को अतिरिक्त समय दिए जाने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। नासा ने कहा है कि रॉकेट की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद इस मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

—————————

आज ज्येष्ठ पूर्णिमा पर अयोध्या, वाराणसी समेत प्रदेश भर में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन पूजन करने के साथ पुण्य स्नान भी किया। मिर्जापुर के विंध्यवासिनी धाम, अमरोहा के गंगा धाम तिगरी समेत प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

—————————

प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। बीते 24 घंटे में झांसी में पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जबकि उरई, आगरा, बांदा और हमीरपुर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जनपदों के लिए ऑरेंज, वहीं पूर्वी जनपदों के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)